हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

04 अंधे मोड़ पर हादसे का खतराः ग्रामीणों ने एसडीएम से अतिक्रमण...



07 नपा और शासन को दरकिनार कर वसूला जा रहा था अवैध किराया



समाचार संक्षेप

शारदीय नवरात्रि पर चेतना साहित्य एवं कला परिषद की कवि गोष्ठी संपन्न



गुना। चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना द्वारा शारदीय नवरात्रि के अवसर पर कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के उपाध्यक्ष रामवीर शर्मा ने की। देवेंद्र उपाध्याय मुख्य अतिथि, डॉ. लक्ष्मीनारायण बुनकर विशेष अतिथि और संजय खरे सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संचालन राजेश जैन कपूर ने किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सेवानिवृत्त होने पर राजेंद्र सिंह कक्कू को धर्मेंद्र सिंह एवं सत्येंद्र सिंह ने शॉल और बैग भेंटकर सम्मानित किया। सत्यनारायण शर्मा का भी सम्मान किया गया। वहीं, रामवीर शर्मा को जन्मदिन पर शॉल, पुष्पहार, श्रीफल और अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। अभिनंदन पत्र का वाचन विष्णु साथी, नरेंद्र भार्गव पद्म, हरीश सोनी एवं डॉ. लक्ष्मीनारायण बुनकर ने किया। कवि गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक विसंगतियों, प्रेम, संस्कृति, नारी सम्मान और जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया। विष्णु साथी, नरेंद्र भार्गव पद्म, डॉ. लक्ष्मीनारायण बुनकर, हरीश सोनी, संजय खरे सहज, रवि शर्मा बंजारा, रामवीर शर्मा, वीरेंद्र सोनी मुक्त, उमाशंकर भार्गव, धर्मवीर सिंह, अभिनंदन मडवरिया और गोविंद राव मोरे ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को प्रभावित किया। उमाशंकर भार्गव ने कन्या भ्रूण हत्या पर चिंता व्यक्त करते हुए नवरात्रि में कन्या पूजन की परंपरा और समाज की मानसिकता पर सवाल उठाया। वहीं, अन्य कवियों ने प्रेम, सामाजिक बदलाव और सांस्कृतिक मूल्यों पर अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं।

नानाखेड़ी टंकी से जुड़े क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति रहेगी बाधित

गुना। नानाखेड़ी स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास ऊमरी रोड पर पेयजल की मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण नानाखेड़ी टंकी से जुड़े क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश अवस्थी ने बताया कि दूरसंचार विभाग (BSNL) की लाइन बिछाने के कार्य के दौरान पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके कारण नानाखेड़ी, वीआईपी कॉलोनी, न्यू सिटी कॉलोनी, दलवी नगर, दुर्गा कॉलोनी, कोल्हूपुरा एवं शिवाजी नगर सहित संबंधित क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित रहेगी।

चांचौड़ा में नरवाई जलाने पर राजस्व दल ने बनाया प्रकरण

चाचौड़ा। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं एसडीएम अमित सोनी के निर्देश पर राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने तहसील कुंभराज के ग्राम लामाखेड़ा में खेतों का निरीक्षण किया। इस दौरान किसान कैलाश नारायण बैरागी के खेत में नरवाई जलती पाए जाने पर कृषि विभाग के सहयोग से प्रकरण तैयार किया गया। संयुक्त दल में तहसीलदार रेणु कासलीवाल, एसएडीओ टी.आर. सोलंकी एवं कृषि विभाग के एईओ राम पाटीदार शामिल रहे। अधिकारियों ने किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान और मिट्टी की उर्वरता पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। किसानों को नरवाई प्रबंधन के उपाय बताए गए और जागरूकता पेम्पलेट वितरित किए गए। इस दौरान किसानों ने भविष्य में नरवाई नहीं जलाने का संकल्प लिया तथा खेतों में लगी आग बुझाने की पहल भी की।

चोरों के हौसले बुलंद, साडा कॉलोनी से घर के सामने खड़ी बाइक पार

गुना। राघौगढ़ थाना क्षेत्र की साडा कॉलोनी में अज्ञात चोर घर के बाहर खड़ी होंडा शाइन मोटरसाइकिल चुरा ले गए। फरियादी अमित चंदेल निवासी विजयपुर ने पुलिस को बताया कि उन्होंने शाम 7 बजे कदम सिंह मीना के घर के सामने बाइक खड़ी की थी। करीब आधे घंटे बाद लौटने पर बाइक गायब मिली। आसपास तलाश करने के बाद भी सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

ट्रेन में 16 लाख के जेवर चोरी मामले में हाथरस का सुनार गिरफ्तार

13 लाख के आभूषण बरामद, चार माह से फरार था आरोपी

अंतरराज्यीय गिरोह के सात सदस्य पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

बीना-ग्वालियर पैसेंजर ट्रेन में परिवार के ट्रॉली बैग से लाखों रुपये के आभूषण चोरी करने के मामले में जीआरपी गुना ने चोरी के आभूषण खरीदने के आरोपी हाथरस निवासी सुनार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के कीमती आभूषण बरामद किए हैं, जिनकी वर्तमान कीमत करीब 13 लाख रुपये बताई गई है। इस मामले में अंतरराज्यीय गिरोह के सात सदस्य पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

यात्रा के दौरान ट्रॉली बैग से चोरी हुए थे जेवर



जीआरपी थाना प्रभारी पाल सिंह भदौरिया के अनुसार, 13 जून 2026 को अशोकनगर निवासी आविद खान अपने परिवार के साथ ट्रेन क्रमांक 51883 बीना-ग्वालियर पैसेंजर से यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाश उनके ट्रॉली बैग से करीब 16 लाख रुपये के आभूषण चोरी कर ले गए थे। शिकायत के आधार पर जीआरपी गुना ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

चोरी के आभूषण खरीदने वाला सुनार गिरफ्तार

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि चोरी के आभूषण उत्तर प्रदेश के हाथरस निवासी सुनार धर्मेंद्र सोनी उर्फ मोनू को बेचे गए थे। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय से रिमांड प्राप्त किया। आरोपी के कब्जे से सोने के हार, कंगन, अंगूठियां, नथ, चांदी की पायल सहित अन्य आभूषण बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है।

गिरोह के सात सदस्य पहले ही गिरफ्तार

इस मामले में पुलिस अंतरराज्यीय गिरोह के सात सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन आरोपियों को हाईकोर्ट से मिली जमानत भी निरस्त हो चुकी है। चार माह से फरार चल रहे सुनार की गिरफ्तारी और आभूषणों की बरामदगी को जीआरपी ने जांच में महत्वपूर्ण सफलता बताया है। अब पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। जांच के दौरान गिरोह द्वारा अन्य वारदातों को अंजाम दिए जाने की जानकारी सामने आती है या नहीं, यह आगे की कार्रवाई के बाद स्पष्ट होगा।

खटारा बसों से यात्रियों की जान जोखिम में, बंद हुई बस तो यात्रियों ने लगाया धक्का



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला मुख्यालय से शिवपुरी और ग्वालियर की ओर संचालित होने वाली यात्री बसों की बदहाली से यात्रियों की परेशानी बढ़ती जा रही है। बीती रात बस स्टैंड से रवाना हुई एक जर्जर बस जय स्तंभ चौक पर अचानक बंद हो गई। चालक और क्लीनर के पास बस को चालू करने की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यात्रियों को नीचे उतरकर धक्का लगाना पड़ा, जिसके बाद बस चालू हो सकी। यात्रियों का आरोप है कि बस में सुरक्षा के नाम पर पर्याप्त रोशनी तक नहीं थी। इस रूट पर आए दिन बसें रास्ते में खराब हो जाती हैं, जिसके कारण यात्रियों को दूसरी बसों में बैठकर सफर पूरा करना पड़ता है। ओवरलोडिंग और सीटों की कमी से महिलाओं, बच्चों और अन्य यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यात्रियों के अनुसार, कई बसों के इंजन, खिड़कियां, सीटें और टायर खराब स्थिति में हैं। इसके अलावा प्राथमिक उपचार पेटी और अग्निशामक यंत्र जैसी आवश्यक सुरक्षा सुविधाओं को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने परिवहन विभाग, आरटीओ और यातायात पुलिस से शिवपुरी-ग्वालियर रूट पर संचालित बसों की तकनीकी जांच कराने की मांग की है।

राजस्थान में गुना की विवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

ससुराल पक्ष ने छत से गिरने को बताया मौत की वजह, पीएम रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले से सटे राजस्थान के बापचा थाना क्षेत्र के पीपलखेड़ी गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतका मूल रूप से गुना जिले की आरोन तहसील के तमेड़ी गांव की रहने वाली थी। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई है, जबकि ससुराल पक्ष का दावा है कि महिला की मौत छत से नीचे गिरने के कारण हुई गंभीर चोटों के चलते हुई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शव को मोर्चरी में रखवाया है और पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

पारिवारिक विवाद और मारपीट का आरोप

प्राप्त जानकारी के अनुसार,



मृतका गौरीबाई की शादी पीपलखेड़ी निवासी राजू बंजारा पुत्र बलराम बंजारा के साथ हुई थी। दंपती की करीब चार माह की एक छोटी बच्ची भी है। मृतका के भाई ने बापचा थाने में दिए गए परिवाद में आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही पारिवारिक कलह और विवाद के चलते उसकी बहन के साथ आए दिन मारपीट की जाती थी। मायके पक्ष का सीधा आरोप है कि पति, सास, ससुर, जेठ और जेठानी ने मिलकर साजिश रची और गौरीबाई के सिर पर लोहे का सरिया मारकर उसकी हत्या कर दी है। मायके पक्ष ने यह भी गंभीर आरोप लगाया है कि घटना के बाद ससुराल पक्ष ने करीब दो दिनों तक पूरी बात उनसे छिपाए रखी और कोई सूचना नहीं दी। जब उन्हें घटना की भनक लगी, तब वे मौके पर पहुंचे और पुलिस में परिवाद देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

ससुराल पक्ष का दावा- छत से गिरने से हुई मौत

दूसरी ओर, ससुराल पक्ष का इस मामले में अलग ही तर्क सामने आया है। उनका कहना है कि गौरीबाई अचानक घर की छत से नीचे गिर गई थी, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। परिजनों के मुताबिक उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे कोटा हॉस्पिटल रैफर किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा राज

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया और उसे छबड़ा चिकित्सालय की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मृतका का आज पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस का यह भी कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत मेडिकल जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मायके पक्ष के परिवाद को आधार बनाकर मामले की हर पहलू से गहनता से छानबीन शुरू कर दी है।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में राजनीतिक संदेश पर अभाविप ने जताई आपत्ति

विद्यालय प्रबंधन से निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई ने क्राइस्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 13 अक्टूबर को आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में एक नाबालिग छात्रा की वेशभूषा के माध्यम से कथित राजनीतिक संदेश प्रदर्शित किए जाने के मामले पर आपत्ति जताई है। परिषद ने विद्यालय प्रबंधन से पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जाँच कराने तथा विद्यार्थियों के हितों और विद्यालय की शैक्षणिक गरिमा को सर्वोपरि रखने की मांग की है।अभाविप का कहना है कि विद्यालयों में आयोजित सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास के लिए होते हैं।

ऐसे मंचों पर किसी भी राजनीतिक संदेश के प्रदर्शन से जुड़े मामलों में विद्यालय प्रबंधन को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ तथ्यों की जाँच करनी चाहिए। विशेष रूप से नाबालिग विद्यार्थियों के हितों, गरिमा और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला संयोजक अंकित शर्मा ने बताया कि परिषद ने विद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर आयोजन प्रभारी एवं संबंधित शिक्षकों की भूमिका की जाँच करने, संबंधित पक्षों से स्पष्टीकरण लेने तथा आवश्यकतानुसार नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, मामले के तथ्यों के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित बाल अधिकार संरक्षण प्राधिकरण को प्रतिवेदन भेजने और विद्यालय की ओर से आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी करने की मांग भी रखी गई है।अभाविप ने विद्यालय प्रबंधन से 72 घंटे के भीतर ज्ञापन पर कार्रवाई करते हुए अपना पक्ष स्पष्ट करने का आग्रह किया है। परिषद ने कहा कि यदि निर्धारित समय में संतोषजनक कार्रवाई नहीं होती है, तो वह सक्षम शैक्षणिक एवं बाल अधिकार संरक्षण प्राधिकरणों के समक्ष नियमानुसार शिकायत प्रस्तुत करेगी।



नो एंट्री में जय स्तंभ चौराहे तक पहुंच रहे भारी वाहन

गुना। शहर के सबसे व्यस्त जय स्तंभ चौराहे पर नो एंट्री के समय भी भारी वाहनों की आवाजाही जारी है। बीजी रोड ओवरब्रिज की ओर से आता एक ट्रेलर चौराहे की तरफ जाता नजर आया। व्यस्त मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश से यातायात व्यवस्था प्रभावित होने और दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने यातायात पुलिस से नो एंट्री के नियमों का सख्ती से पालन कराने और भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि जाम की स्थिति न बने और आम लोगों की सुरक्षा बनी रहे।

हनुमान टेकरी मंदिर परिसर में फिल्मी गाने पर अश्लील डांस

गौरक्षा टीम ने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



प्रदेशभर में आस्था के बड़े केंद्र और ऐतिहासिक हनुमान टेकरी मंदिर परिसर में एक महिला द्वारा फिल्मी गाने पर नृत्य करने का वीडियो सामने आने के बाद हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस मामले को लेकर गोरक्षा टीम के सदस्यों ने गुरुवार को सिटी कोतवाली पहुंचकर थाना प्रभारी को एक लिखित आवेदन सौंपा और महिला के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। गौरतलब है कि हनुमान टेकरी एक प्राचीन पांडवकालीन मंदिर है, जिसकी धार्मिक और आध्यात्मिक मान्यता काफी अधिक है। यहां गुना जिले सहित संपूर्ण मध्य प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे पवित्र और धार्मिक स्थल की गरिमा को ठेस पहुंचाते हुए लक्ष्मी नगर निवासी रजनी ओझा पत्नी उमेश ओझा, निवासी पुरानी छावनी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। शिकायत के अनुसार, यह महिला गत सोमवार की रात करीब 8 बजे के आसपास टेकरी धाम हनुमान मंदिर के पास फिल्मी गानों पर थिरकती हुई नजर आई।

गोरक्षा टीम के शम सिंह द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि इस प्रकार की हरकतों से गुना नगर सहित तमाम सनातन प्रेमियों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पुलिस प्रशासन द्वारा पूर्व में भी स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि किसी भी धार्मिक स्थल की पवित्रता को भंग करने या फिल्मी गानों पर अश्लील व आपत्तिजनक कृत्य करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो निंदनीय हैं। प्रशासन से मांग की गई है कि इस मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित महिला के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो और धार्मिक स्थलों की गरिमा अक्षुण्ण बनी रहे। पुलिस ने आवेदन लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शास्त्री पार्क की रामलीला में हुआ श्रीराम-भरत मिलाप का भावपूर्ण मंचन

लीला में भाईचारे, त्याग और समर्पण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सार्वजनिक नव कला मंडल एवं श्री रामलीला दशहरा महोत्सव समिति, शास्त्री पार्क द्वारा आयोजित रामलीला में बुधवार को भगवान श्रीराम और भरत मिलाप की भावपूर्ण लीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने सजीव अभिनय और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से इस प्रसंग को जीवंत कर दिया। लीला देखकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। रामायण का श्रीराम-भरत मिलाप प्रसंग भाईचारे, प्रेम, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। पिता महाराज दशरथ के वचन का पालन करते हुए भगवान श्रीराम 14 वर्ष के वनवास पर चले



गए थे। बड़े भाई के वन गमन से दुखी भरत ने अयोध्या का राजसिंहासन स्वीकार करने से इनकार कर दिया और उन्हें वापस लाने के लिए चित्रकूट पहुंचे। वहां भरत ने श्रीराम से अयोध्या लौटकर राजकाज संभालने का आग्रह किया, लेकिन भगवान श्रीराम ने पिता को दिए वचन और मर्यादा का पालन करने का संकल्प दोहराया। अंततः भरत जी श्रीराम की चरण पादुकाएं लेकर अयोध्या लौटे और उन्हें सिंहासन पर विराजमान कर स्वयं सेवक के रूप में राज्य का दायित्व निभाने का प्रण लिया। रामलीला के मंच पर इस प्रसंग का भावपूर्ण चित्रण किया गया। कलाकारों के अभिनय ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं गणमान्य अतिथियों के रूप में सुरेंद्र राठौर, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संघ प्रमुख सुरेश शर्मा, लक्ष्मी नारायण ओझा, राकेश शर्मा (जानकी मेडिकल), आर.पी. शर्मा, डॉ. अमित शर्मा (कैंट), गौरव कुशवाहा, अर्जुन राठौर, बंटी रघुवंशी, मलखान सिंह सिकरवार एवं विश्व हिंदू परिषद के कोषाध्यक्ष नितिन जाट उपस्थित रहे। आयोजन में समिति के संयोजक बृजेन्द्र सिंह पवैया (बंटी भैया), अध्यक्ष महावीर सिंह चौहान, महामंत्री अमित शर्मा (भार्गव), कोषाध्यक्ष ओम लोधा, उपाध्यक्ष नारायण लाल मेयर एवं मीडिया प्रभारी आनंद श्रीवास्तव सहित समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। रामलीला में भगवान श्रीराम की भूमिका दीपक शर्मा, लक्ष्मण की भूमिका नरेंद्र कुशवाह, माता सीता की भूमिका आशु, भरत की भूमिका श्याम लाल चंदेल और शत्रुघ्न की भूमिका आशु ने निभाई। श्रीराम-भरत मिलाप की लीला ने दर्शकों को भाईचारे, पारिवारिक प्रेम, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। समिति द्वारा आयोजित रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों और भारतीय संस्कृति की परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान श्रीराम के जयकारों के साथ इस भावपूर्ण प्रसंग का आनंद लिया।

समाचार संक्षेप

संतोष गुर्जर बनीं अखिल भारतीय गुर्जर महासभा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष



कुंभराज। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा में संगठनात्मक नियुक्ति के तहत संतोष गुर्जर को महिला मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक पुरुषोत्तम पाटिल एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष कामिनी गुर्जर की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष संध्या करोड़े गुर्जर द्वारा की गई है। संतोष गुर्जर को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्रीय लोगों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

मां दुर्गा की आरती के साथ हुआ शुभारंभ, बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



बीनागंज। श्री स्वामी रामानंद बालगोकुलम विद्यालय, बीनागंज द्वारा चाचौड़ा श्री बागेश्वर धाम समिति के तत्वावधान में आयोजित गरबा महोत्सव में उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।महोत्सव का शुभारंभ बालगोकुलम विद्यालय के बच्चों द्वारा मां दुर्गा की आरती के साथ किया गया। इसके बाद बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात गरबा महोत्सव आयोजित हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कृति और पारंपरिक लोकनृत्य की सुंदर झलक देखने को मिली। बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता और अभिभावकों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण रहा।गरबा महोत्सव के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ने का अवसर मिला।

आरोन में 90 सफाई कर्मचारियों का सम्मान एसबीआई ने भेंट किए उपयोगी बैग



आरोन। नगर की स्वच्छता में योगदान देने वाले नगर परिषद के लगभग 90 महिला-पुरुष सफाई कर्मचारियों का श्रीराम मैरिज गार्डन में आयोजित समारोह में सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों को फूल-मालाएं पहनाकर स्वल्पाहार कराया गया तथा भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की ओर से उपयोगी बैग भेंट किए गए। समारोह में एसबीआई गुना के क्षेत्रीय व्यवसायिक कार्यालय के मुख्य प्रबंधक विकास शिवानी, आरोन शाखा के मुख्य प्रबंधक भरत गोयल, विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन, पार्षद मूलचंद बोहरे, सीएमओ दिनेश सोनी एवं कार्यक्रम के परिकल्पनाकार शिक्षक ओमवीर सिंह रघुवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। 15 अक्टूबर को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर उनके जीवन और योगदान को याद किया गया। इस दौरान 'कलाम साहब अमर रहें' के नारे भी लगाए गए। अंत में शाखा प्रबंधक भरत गोयल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

राघोगढ़ में शारदीय नवरात्रि की धूम, देवगढ़ पहाड़ पर मां काली के दर्शन के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु

250 सीढ़ियां चढ़कर नंगे पैर मां के दरबार में पहुंच रहे भक्त, आकर्षक सजावट से जगमगा रहा मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व की शुरुआत के साथ ही राघोगढ़ नगर में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिल रहा है। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना के लिए श्रद्धालु सुबह से देर रात तक विभिन्न धार्मिक गतिविधियों में जुटे हुए हैं। सुबह शीतला माता मंदिर में जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, वहीं शाम होते ही श्रद्धालु नगर में सजी झांकियों के दर्शन करने निकल पड़ते हैं। इसके अलावा घरों में रामचरितमानस पाठ, दुर्गा सप्तशती पाठ और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। शारदीय नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। इस दौरान श्रद्धालु शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना कर मां की आराधना करते हैं। वर्ष में दो बार प्रमुख रूप से मनाए जाने वाले नवरात्रि पर्व का धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है।

राघोगढ़ नगर में कई स्थानों पर पहाड़ियों पर माता रानी के मंदिर स्थित हैं, जहां श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। इनमें देवगढ़ पहाड़ पर स्थित मां काली का विशाल मंदिर विशेष आस्था का केंद्र है। नवरात्रि के दौरान यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। शाम होते ही सैकड़ों श्रद्धालु नंगे पैर सीढ़ियां चढ़कर मां काली के दर्शन करने पहुंचते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन और पूरी श्रद्धा से मां काली के दरबार में आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। श्रद्धालुओं के अनुसार, मंदिर तक पहुंचने के लिए लगभग 250 सीढ़ियां नंगे पैर चढ़कर मां के दर्शन करने की विशेष परंपरा है। इसी आस्था के चलते नवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर मां के दरबार में पहुंचते हैं। मंदिर समिति के सदस्य महेंद्र सिंह सिसोदिया एवं भोला सिसोदिया ने बताया कि लगभग 16 वर्ष पूर्व यहां एक छोटा-सा चबूतरा हुआ करता था। उनके पिता रघुनाथ सिंह सिसोदिया की पहल और जनसहयोग से मंदिर का निर्माण कराया गया तथा मां काली की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। धीरे-धीरे यह स्थान श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया। वहीं, नगर के समाजसेवी विजय कुमार साहू ने अपने माता-पिता की अक्षय स्मृति में मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराया। मंदिर से जुड़े लोगों और श्रद्धालुओं के सहयोग से यहां धार्मिक गतिविधियां लगातार संचालित हो रही हैं। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर देवगढ़ पहाड़ स्थित मां महाकाली मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। मंदिर की आकर्षक सजावट और भक्तिमय वातावरण श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। शाम के समय आरती के दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बनता है। आरती में शामिल होने और मां के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पहाड़ी के ऊपर स्थित मंदिर से राघोगढ़ नगर का मनमोहक दृश्य भी दिखाई देता है। नवरात्रि के दौरान देर रात तक मां काली के दरबार में भक्तों की कतार लगी रहती है। पूरे नौ दिनों तक मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, पाठ और आरती का आयोजन किया जा रहा है। राघोगढ़ में शारदीय नवरात्रि के चलते चारों ओर धार्मिक उल्लास का वातावरण है। श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना कर रहे हैं। नगर के मंदिरों में गूंजते माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

नगर परिषद ने सफाई कर्मचारियों को वितरित की आवश्यक सामग्री



चाचौड़ा-बीनागंज। नगर परिषद द्वारा सफाई कर्मचारियों को झाड़, ड्रेस, सर्फ, साबुन सहित आवश्यक सामग्री वितरित की गई। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप नाटाणी, पार्षद राजेश खटीक एवं सीएमओ प्रमोद बरुआ मौजूद रहे। सीएमओ ने कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए समस्याओं की जानकारी सफाई दरोगा को देने की बात कही। शासन के निर्देशानुसार छह दिनों में कर्मचारियों ने करीब 220 बोरी पॉलिथीन एकत्रित की। नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता प्रदीप नाटाणी ने बताया कि पॉलिथीन की नीलामी से परिषद की आय बढ़ाई जाएगी। वहीं, वार्ड 7 में सफाई कर्मचारियों की सुविधा के लिए लगभग 20 लाख की लागत से सामुदायिक भवन बनाया जाएगा।

5 किमी लंबी चुनरी यात्राः बीजासन माता को चढ़ाई 500 मीटर की चुनरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के श्रद्धालुओं द्वारा खाटूश्याम मंदिर से ग्राम गोरयाखेड़ा स्थित बीजासन माताजी के मंदिर तक पांच किलोमीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए माता के दरबार तक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने माता रानी को 500 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की। चुनरी यात्रा से पूर्व खाटूश्याम, ठाकुर बाबा और काकाजी महाराज की सामूहिक पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते और भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में माता रानी के जयकारे गूंजते रहे और वातावरण भक्तिमय बना रहा। ग्राम गोरयाखेड़ा स्थित बीजासन माता मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने माता सहित अन्य देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और बीजासन माता को चुनरी चढ़ाई। इस दौरान भक्तों ने सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, बीजासन माता का मंदिर प्राचीन काल का है। यहां दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, मंदिर में एक बार माता की ज्योत पानी से भी जलने की घटना देखे जाने की मान्यता है, जिसे लोग अद्भुत चमत्कार के रूप में याद करते हैं। श्रद्धालु अपनी मान्यताओं के अनुसार माता के दरबार में पूजा-पाठ कर मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हैं। नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में विशेष धार्मिक उत्साह देखने को मिला। नवरात्रि के अवसर पर बीजासन माता मंदिर का आकर्षक शृंगार किया गया। चुनरी अर्पित करने के बाद माता की महाआरती उतारी गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसके साथ ही धार्मिक कार्यक्रम का समापन हुआ।

अंधे मोड़ पर हादसे का खतराः ग्रामीणों ने एसडीएम से अतिक्रमण हटाने की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



नगर के गायत्री मंदिर से गोया रोड श्मशान घाट तक वायपास रोड पर सीसी सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। नगर परिषद की ओर से टेंडर जारी होने के बाद काम चल रहा है। यह महत्वपूर्ण बायपास सड़क आगे चलकर राजगढ़ वायपास को जोड़ती है और चाचौड़ा के वार्ड नंबर 1 से 8 तक के सभी रास्ते इसी से जुड़ते हैं, लेकिन सड़क किनारे हुए अतिक्रमण ने निर्माण कार्य में रोड़ा अटका दिया है।इसी को लेकर समस्त नगर एवं ग्रामवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी चाचौड़ा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि कुछ लोगों ने बायपास रोड पर ही पक्का मकान बना लिया है और उसके सामने कब्जा कर रखा है। कई जगह जमीन के पास से ही सड़क निकल रही है और लोगों ने तार फेंसिंग कर रखी है, जिससे सड़क की चौड़ाई आधी रह गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। घरों के सामने नालियां नहीं होने से गंदा पानी सीधे सड़क पर बहता है, जिससे पूरे दिन कीचड़ मचा रहता है बारिश में स्तिथि और बिगड़ जाती है जिससे आने वाले लोगों व वाहनों को ग्रामीणों व नगरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।सबसे खतरनाक स्थिति अशोक कुमार के मकान के पास बने अंधे मोड़ की है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि मोड़ की बनावट इस तरह है कि सामने से आने वाला वाहन दिखाई नहीं देता, इससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कई बार स्कूटी सवार खुले नाले में गिर चुके हैं। लोगों ने सड़क निर्माण के साथ ही इस खतरनाक मोड़ को सीधा करने और सुरक्षित बनाने की मांग की है ताकि भविष्य में हादसों की आशंका न रहे। नगरवासियों ने मांग की है कि बायपास रोड पर जिन लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है उसे तत्काल हटवाया जाए, जिससे सड़क का निर्माण पूरी और पर्याप्त चौड़ाई में हो सके। लोगों का कहना है कि यह सड़क सुव्यवस्थित बनेगी तो वाहन चालकों और राहगीरों दोनों को बड़ी राहत मिलेगी वरना अधूरी सड़क निर्माण से समस्या जस की तस बनी रहेगी ।

भाव शून्य क्रियाएं कभी भी प्रतिफल को प्राप्त नहीं होतीः मुनि निरंजन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निरंजन सागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज व्यक्ति क्रियाएं कर रहा है और जब उनका परिणाम नहीं निकलता है, तब वह उन क्रियाओं को करना छोड़ देता है। इस प्रकार का व्यवहार आपको सामान्यतः बहुतायत में देखने को मिलता है। पर इन सब के पीछे के रहस्य को देखते हैं तो आचार्यों की वाणी में इसका उत्तर प्राप्त होता है यस्मात क्रियाः प्रतिफलन्ति न भाव शून्यः अर्थात जो क्रियायें भावों से रहित होती है वह कभी भी प्रतिफल को प्राप्त नहीं होती हैं। उन्होंने कहा कि आचार्यों ने भाव को ही ज्ञान कहा है क्रियाओं को करते समय ज्ञान पूर्वक करना, यह उद्देश्य ही आपको सही परिणाम प्राप्त कराता है। ज्ञान से रहित क्रियायें मात्र क्रिया- काण्ड हैं, जिनको करते समय उनका अर्थ नहीं निकलता। आपकी क्रियायें सार्थक तभी होती हैं, जब आप अपने भावों को भी इन क्रियाओं के साथ जोड़ देंगे। ऐसा ही एक जीवन्त उदाहरण है जिनका नाम है राष्ट्रहित चिन्तक आचार्य गुरुवर 108 विद्यासागर जी महामुनिराज। जिनके जीवन की हर क्रिया और चर्या बन गई है नव गाथा। ऐसा राष्ट्रव्यापी चिन्तन जिसमें मातृभाषा का सम्मान पुनः लौटाना, भारत को प्रतिभा रत्न बनाना, स्वदेशीता और गौ सेवा, बालिका शिक्षा और हथकरघा, आयुर्वेद को पुनः नई पहचान दिलाना समाया हो। अपने आत्म कल्याण के साथ-साथ भारत को उसका खोया हुआ आत्मसम्मान पुनः दिलाने का भाव उनकी प्रत्येक क्रियाओं में स्पष्ट झलकता था। उनकी कमी से पूरा राष्ट्र, क्या पूरा विश्व स्तब्ध रह गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आँखों में भी आँसू झलक आये थे। इस प्रकार के भावों के साथ उन्होंने जीवन की हर उस ऊँचाई को छुआ जिसको छूना हर किसी के बस की बात नहीं है।

दो दिवसीय आयोजन 25 और 26 अक्टूबर को- आगामी 25-26 अक्टूबर को दो दिवसीय गुरु गुणगान महा महोत्सव रखा गया है। जिसमें 25 अक्टूबर शान्तिनगर मंदिर में पाठशाला के बच्चों के द्वारा हथकरघा के वस्त्रों में आचार्य श्री जी की महाअर्चना की जाएगी। 26 अक्टूबर गौव मंदिर में हथकरघा के वस्त्रों में आचार्य चालीसा विधान का आयोजन महिला पाठशाला की सदस्यों के द्वारा किया जाएगा।

श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में पांच कन्याओं का पूजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्रि के पंचम दिवस के अवसर पर पांच कन्याओं का पांचों उपचार से पूजन किया गया एवं अन्य कन्याओं का भी आदर सत्कार किया गया। आचार्य ब्राह्मण के लिए भी माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि आज मां दुर्गा जी के पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है यह भगवान स्कंद कुमार कार्तिकेय के नाम से भी जानी जाती है। इन्हीं भगवान स्कंद की माता होने के कारण मां दुर्गा जी के पांचवें स्वरूप को स्कंद माता के नाम से जाना जाता है। इनकी उपासना नवरात्रि पूजा के पांचवें दिन की जाती है इस दिन साधक का मन विशुद्धि चक्र में अवस्थित होता है इनका वर्ण पूर्णतः शुभ्र है। यह माता एक कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसी कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन सिंह है इनकी चार भुजाएं हैं दाएं हाथ में कमल का पुष्प है दूसरे हाथ से आशीर्वाद की मुद्रा है नवरात्र पूजन के पांचवें दिन का शास्त्रों में बहुत बड़ा महत्व बताया गया है इस चक्र में पुष्कल अवस्थित मन वाले के समस्त मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं मां उन्ही पर कृपा करती है।

इस बार तिथियों के परिवर्तन का असर नवरात्रि पर्व मे भी देखने को मिल रहा है, अष्टमी और नवमी एक ही दिन यानी 19 अक्टूबर को होगा। अष्टम तिथि 18 अक्टूबर को सुबह 8.29 बजे से शुरू होकर सोमवार को सुबह 10.52 बजे तक रहेगी, सोमवार को सूर्योदय के समय उदयातिथि होने के कारण अष्टमी की पूजा इसी दिन करना श्रेष्ट बताया गया है, इसी दिन नवमी तिथि प्रारंभ होने से महा नवमी का पूजन भी किया जाएगा। 20 अक्टूबर दसवी तिथि शुरू होने के कारण दशहरा पूजन शुरू होगा। अशोकनगर शहर में दशहरा पर्व भी 20 अक्टूबर को ही मनाया जाएगा।



संभाग स्तरीय कालिदास प्रतियोगिता में अशोकनगर जिले ने परचम लहराया, राज्य स्तर पर होंगे शामिल

अशोकनगर। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय शालेय कालिदास प्रतियोगिता 15 अक्टूबर को शासकीय उत्कृष्ट उत्तर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक मुरार में आयोजित की गई। जिसमें कालिदास द्वारा रचित ग्रंथों पर आधारित संस्कृत श्लोक वाचन, संस्कृत नृत्य-नाटिका का आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में अशोकनगर जिले ने बाजी मारी। जिले के शासकीय उत्कृष्ट उत्तर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर के छात्र-छात्राओं ने वरिष्ठ वर्ग की नृत्य नाटिका में प्रथम स्थान। इसी प्रकार शास. पीएमश्री मा.वि. सेहराई के छात्र-छात्राओं ने कनिष्ठ वर्ग नृत्य-नाटिका में प्रथम एवं विद्यालय की छात्रा सुहाना सरकार ने चित्रांकन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग की चित्रांकन प्रतियोगिता में शास.संदीपनी विद्यालय अशोकनगर की छात्रा नेहा रघुवंशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।जबकि शास. पीएमश्री क्रमांक 4 अशोकनगर की छात्रा रूबी रघुवंशी ने श्लोक वाचन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संभाग स्तर के बाद राज्य स्तरीय प्रतिभागिता नवम्बर माह में आयोजित की जाएगी, जिसमें संभाग स्तर पर प्रथम आने वाले छात्र-छात्राएं उज्जैन जाएंगे। वरिष्ठ वर्ग नृत्य नाटिका में शामिल छात्र-छात्राओं में अवनी अवस्थी, यश कुशवाह, आदित्य प्रजापति, एकता रजक, गुंजन माहौर, नमन कुशवाह, संघमित्रा अहिरवार, खुशबू नादिया, व्योम शर्मा, माही ओझा, माही राजपूत, राजनंदनी रघुवंशी ने प्रतिभागिता की।

विदेश से आए पर्यटकों ने नगर भ्रमण कर झांकियों में माता के दर्शन किए



चंदेरी। चार देशों से आए पर्यटकों ने नगर भ्रमण के दौरान गली- गली और मोहल्ले-मोहल्ले में मां दुर्गा की सजीव एवं आकर्षक झांकियों के दर्शन किए। जगह-जगह गूंजते देवी भजनों और उत्सव के उल्लासपूर्ण वातावरण ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि वे भी स्थानीय लोगों के साथ भजनों की धुन पर झूम उठे। विदेशी मेहमानों के लिए यह अनुभव चंदेरी की धार्मिक आस्था और भारतीय लोक संस्कृति को करीब से जानने का यादगार अवसर बन गया। ग्रुप लीडर आरती शर्मा और चंदेरी के पर्यटन गाइड कल्ले भाई के साथ पर्यटकों ने नगर की ऐतिहासिक गलियों, प्राचीन इमारतों और प्रमुख स्मारकों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने चंदेरी की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत के साथ-साथ यहां की प्राकृतिक सुंदरता को भी करीब से देखा और महसूस किया। विंध्याचल की हरी-भरी पहाड़ियों के बीच स्थित चंदेरी का प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटकों को खूब भाया। विशेष रूप से ताना-बाना होटल के शांत एवं मनमोहक वातावरण ने उन्हें काफी प्रभावित किया। ऐतिहासिक धरोहरों, धार्मिक उत्सवों, स्थानीय संस्कृति और प्रकृति के अनूठे संगम ने विदेशी पर्यटकों के चंदेरी भ्रमण को यादगार बना दिया। चंदेरी की यही विशेषता है कि यहां आने वाले पर्यटकों को केवल प्राचीन स्मारक ही नहीं, बल्कि जीवंत लोक परंपराओं, धार्मिक उत्सवों और प्राकृतिक सौंदर्य का भी अनुभव मिलता है। नवरात्रि के दौरान विदेशी पर्यटकों का स्थानीय उत्सव में इस तरह शामिल होना चंदेरी के बढ़ते पर्यटन आकर्षण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का सुखद उदाहरण है।

दिशा की बैठक इस बार जिला मुख्यालय पर नहीं, जिले को नई सौगात का इंतजार

सिंधिया 18 अक्टूबर तक अशोकनगर जिले के प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर घराने की उस पीढ़ी के तीसरे महानायक हैं जिनके हाथों में इस संसदीय क्षेत्र का नेतृत्व है। तमाम आशाओं, संभावनाओं और विकास की बाट जोह रहे एक एक व्यक्ति को उनसे बड़ी अपेक्षाएं हैं, लेकिन सबसे उपेक्षित पिछड़े और नए इस जिले को प्रदेश और केन्द्र की मुख्य धारा में लाने की जिम्मेदारी जिनके कंधों पर है उनका आगमन जिले में हो रहा है। तीन दिवसीय प्रवास पर आ रहे सिंधिया इस बार अपने साथ कोई नई सौगात लेकर नहीं आ रहे हैं। सौगातों के रूप में इस जिले को सिर्फ और सिर्फ सिक्स फोर लेन मार्ग,उद्योग, देश के महानगर दिल्ली के लिए नियमित ट्रेन के साथ मेडिकल कॉलेज की जरूरत है।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के भाषणों पर अगर गौर करें तो हर बार यही कहा जाता है कि वह जब भी आते हैं तो कुछ न कुछ नया लेकर आते हैं, लेकिन अब मांग बढ़ती जा रही हैं, विकास की रफ्तार जिले में कम हो रही है और पड़ोसी जिलों में रफ्तार में तेजी आई है। ज्ञात हो कि सिंधिया घराने के साथ अशोकनगर जिला पूरे दिल से है और आज से नहीं उस समय से है जब विजयाराजे सिंधिया राज माता के रूप में इस क्षेत्र से चुनाव लड़ती थीं उनके बाद माधवराव सिंधिया चुनाव लड़े और अब ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव लड़ते आ रहे हैं। इन तीनों हस्तियों ने जब जब चुनाव लड़ा तब तब कईं मतदान केन्द्रों पर विरोधियों के खातों में एक या दो मत आकर रहे गए,यानि मतदान केन्द्र एक तरफा उनके पक्ष में मत उगलते हैं। लेकिन इस बार सिंधिया जी का दौरा कुछ बदला बदला है दिशा की बैठक जिला मुख्यालय की जगह मुंगावली में होगी, जिले के अधिकारी यहां से वहां जाएगें।

गुना और शिवपुरी पहले ही विकसित, अशोकनगर को विकास की दरकार

पूरा संसदीय क्षेत्र तीन जिलों में बंटा है,जिनमें शिवपुरी गुना और अशोकनगर जिले शामिल हैं। शिवपुरी और गुना उस समय के जिले हैं जब मध्यप्रदेश का गठन हुआ था, इस अवधि में यह जिले पूरी तरह विकसित हो गए हैं अब विकास की दरकार है तो उस अशोकनगर जिले के लिए है जो आज भी शैशव अवस्था में हैं। लेकिन जितने भी उद्योग आ रहे हैं वह गुना और शिवपुरी जा रहे हैं, यहां जो ट्रेन चल रही हैं उनका रास्ता गुना से बढ़लकर शिवपुरी के रास्ते किया जा रहा है। इस जिले की जनता उन सुविधाओं के लिए तड़फ रही है जिसके लिए उनका अपने जनप्रतिनिधि से सुविधा मांगना उनका हक है।

सिक्स फोर लेन मार्ग अशोकनगर की नई तकदीर लिखेगा

सिक्स फोर लेन मार्ग की बात करें तो यह मार्ग मुरैना से नागपुर तक जाना है इसका रास्ता कहीं और से नहीं अपितु उनके संसदीय क्षेत्र से ही है जिसमें अशोकनगर जिला मुख्यालय को इस सिक्स फोर लेन मार्ग से कनेक्ट किया जाना ही होगा तभी इसका विकास हो सकेगा, किसी भी जिले की पहचान अच्छे सड़क मार्गों और अच्छी रेल सुविधाओं से है। ऐसे में यह सिक्स फोर लेन मार्ग अशोकनगर जिले की तकदीर बदल सकता है। अगर रेलों की बात करें तो जिस शहर को जिले का दर्जा दिया गया, जिसे व्यापारिक नगर के रूप में जाना जाता है जिस जिले में धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के कईं स्थलों में चंदेरी, आंनदपुर, थूवोनजी, कदवाया, जैसे स्थल हैं, चंदेरी में विदेशी पर्यटकों को आवागमन होता है। चंदेरी को मध्यप्रदेश की दूसरी पचमढ़ी कहा जाता है। इसके बाद भी यहां दिल्ली के लिए कोई भी सीधी ट्रेन नहीं हैं जो सांसद पहली बार बनकर आ रहे हैं वह रेल मंत्री के पास जाकर कोई भी ट्रेन मांग लाते हैं, लेकिन इस क्षेत्र के लिए जिले भर के विधायक, पार्टी अध्यक्ष मांग कर चुके हैं, उन्हें रेल मंत्री से भेंट भी कराई गई हैं लेकिन आज तक कोई ट्रेन नहीं आई जो ट्रेनें थी वह भी बंद हो गईं, उनमें उज्जैन देहरादून, कोटा जबलपुर, इन्दौर जबलपुर जैसी ट्रेनें शामिल हैं।

मेडिकल कॉलेज शासकीय स्तर पर खोला जाए, पीपीपी मोड पर नहीं

अगर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को गति प्रदान करना है तो मेडीकल कॉलेज की मांग पूरी की जाना चाहिए। यह मेडिकल कॉलेज की मांग शासकीय स्तर पर पूरी होनी चाहिए,शासन यहां मेडिकल कॉलेज खोले,पीपीपी मोड पर मेडीकल कॉलेज खोलने के लिए किसी ने अब तक रूचि नहीं दशार्यी है। मेडिकल कॉलेज इसलिए आवश्यक हैं क्योंकि अशोकनगर जिले के चारों विकासखण्ड पड़ोसी जिला सागर का बीना क्षेत्र उत्तरप्रदेश का ललितपुर जिला और विदिशा जिले का सिरोंज क्षेत्र अशोकनगर जिले से जुड़ा है जो इस मेडिकल कॉलेज से लाभान्वित हो सकेगा।

खबर संक्षेप

महानवमी पर रहेगा स्थानीय अवकाश

अशोकनगर। कलेक्टर द्वारा वर्ष 2026 के लिए संपूर्ण जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए थे। घोषित अवकाश के तहत 19 अक्टूबर 2026 महानवमी को संपूर्ण जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश जिले के कोषालय, उपकोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन आज

अशोकनगर। शासन के निर्देशानुसार जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविरों का आयोजन प्रति शुक्रवार को किया जा रहा है। इसी क्रम में 16 अक्टूबर को मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत मसीदपुर में किया गया है। शिविर में अधिकारियों द्वारा आमजन की समस्याओं को सुनकर मौके पर निराकरण किया जाएगा। साथ ही शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेगें।

14 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाई

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम खोरीबरी निवासी पिंकी पुत्री हल्काई प्रजापति उम्र 14 साल ने अपने घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

धोखाधड़ी पूर्वक जमीन की रजिस्ट्री कराने पर मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत योगेश रघुवंशी निवासी गंजबासौदा जिला विदिशा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि देवेन्द्र रघुवंशी निवासी काकाखेड़ी ने धोखाधड़ी कर फरियादी की भूमि को अपने लड़के शिवम व पत्नी ओमवती रघुवंशी के नाम रजिस्ट्री करा ली। जिस पर पुलिस ने धोखधड़ी का मामला दर्ज किया है।

धोखाधड़ी पूर्वक 40 हजार रुपए निकाले

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत मामादढ़ मोहल्ला निवासी शेलेन्द्र चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा फरियादी के बैंक खाते से 39998 रूपए ऑनलाइन माध्यम से निकालकर धोखाधड़ी की है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज



अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत रातीखेड़ा निवासी बालकराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहन, रामपाल यशवर्धन और रिंकू यादव ने खेत पर मक्का चराने के विवाद पर से उससे मारपीट की। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से मोहन सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बालकराम, भूरा और इन्द्रपाल यादव ने मक्का चराने के उपर स उससे मारपीट की। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत हिनोतिया पछार निवासी भगवतसिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविन्द्र यादव हिनोतिया पछार ने उससे मारपीट की। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी राधेश्याम योगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजाराम जाटव ने उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नावनी निवासी सुनील लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि नीतेश, बादाम, नंदराम और राकेश लोधी ने उससे मारपीट की। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढाकोनी निवासी शंभू आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुद्धा आदिवासी ने उससे मारपीट की। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत रूसल्ला बुजुर्ग निवासी छोटू बैरागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अर्जुन जाटव ने उससे मारपीट की। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी मुन्नी बाई जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पूनम जैन ने उससे मारपीट की।

माता के दरबार में हर रोज बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

नवरात्रि पर जिले के शक्तिपीठ स्थल श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नवरात्रि महापर्व पर अशोकनगर जिले के शक्तिपीठ स्थल श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति के केंद्र बने हुए हैं। इन स्थानों पर श्रद्धालु भक्ति भाव से बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं और माता के दर्शन कर आत्म शांति का अनुभव कर रहे हैं। यह शक्तिपीठ स्थल अशोकनगर जिले के प्रसिद्ध स्थल है जहां हर रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। अशोकनगर से 8 किलोमीटर दूर प्राचीन ग्राम तूमैन में स्थित विंध्यवासिनी माता का मंदिर अत्यंत प्राचीन है यहां मां अपने स्वरूप में विराजमान है। इस स्थान पर पूरे वर्ष पर श्रद्धालु आते हैं। नवरात्रि पर्व के दिनों में यहां माता का दरबार श्रद्धालुओं से भरा रहता है। यहां अखंड ज्योति जलती रहती है और अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है।



तूमैन नगरी की माता विंध्यवासिनी माता का दरबार अपने आप में श्रद्धालुओं में आस्था भक्ति का केंद्र है। यहां नवरात्रि के दिनों में विशेष श्रद्धालुओं की संख्या देखी जाती है। यहां माता का हर रोज नया श्रृंगार किया जाता है। यह स्थान तूमैन गांव के इतिहास से जुड़ा है। जहां राजा मोरध्वज और उनके पुत्र तुंगध्वज देवी मां के दर्शन करने के लिए आया करते थे। इस स्थान की प्राचीनता इस नगरी की कहानी से जुड़ी है।

कदवाया की बीजासन माता आंखों की रोशनी बढ़ाने वाली हैं



इसी प्रकार जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर कदवाया में बीजासन माता का दरबार श्रद्धालुओं की भक्ति का केंद्र है। यहां हर वर्ष श्रद्धालु नवरात्रि पर बड़ी संख्या में पहुंचते है। अष्टमी और नवमी के दिन सबसे अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। यहां जवारे लेकर भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। बीजासन माता यहां की अत्यंत प्राचीन है और श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र भी है। यहां हर चतुर्दशी को मेला भी लगता है। कदवाया की माता नेत्र ज्योति को बढ़ाने वाली हैं। कहते हैं कि माता के दर्शन करने से श्रद्धालुओं की आंखों की रोशनी बढ़ती है और यहां श्रद्धालु माता के दरबार में इस तरह के कई प्रयोग सुनते हुए भी देखे जाते हैं। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए आते हैं। कदवाया जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर है यहां चंदेरी और शिवपुरी से भी सड़क मार्ग से ही पहुंचा जा सकता है। यहां आने जाने के लिए एक मात्र सड़क की सुविधा है जो एक बार आता है वह माता के दरबार में बार-बार आता रहता है।

चंदेरी की जागेश्वरी देवी का प्रसिद्ध दरबार



चंदेरी की जागेश्वरी देवी भी प्रसिद्ध माता के दरबार में से एक है। यहां माता का दरबार अत्यंत प्राचीन है और चंदेरी के इतिहास से जुड़ा हुआ है। जागेश्वरी देवी स्थल में माता जागती हुई अवस्था में है इसलिए उनको जागेश्वरी देवी के नाम से जाना जाता है। यहां जागेश्वरी देवी के दरबार में श्रद्धालु पूरे वर्ष भर आते हैं। यहां पहाड़ पर माता विराजमान है इसलिए श्रद्धालु यहां सीढीओ से चढ़कर पहुंचते हैं और माता के दर्शन करते हैं। यहां कुंड भी बना हुआ है जो अत्यंत प्राचीन है। इस स्थान पर जाने के बाद लोगों को आत्मिक तुष्टि प्राप्त होती है। जल्द ही सरकार जागेश्वरी लोक का निर्माण भी यहां करने जा रही है। चंदेरी की माता के नाम पर हर वर्ष चंदेरी में जागेश्वरी देवी का मेला भी आयोजित किया जाता है। यहां एक कथा भी प्रचलित है जिसमें कहा जाता है कि राजा को देवी ने स्वपन में अपना रूप प्रकट किया था और बताया था कि वह इस स्थान पर प्रकट होना चाहती हैं। सात दिन तक दरवाजे न खोले जाएं लेकिन राजा ने जिज्ञासा बस तीसरे दिन ही द्वारा खोल दिया तब देवी का मुख ही प्रकट हो पाया था। एक कथा है यह भी है कि चंदेरी के राजा कूम ने जिन्हे कुष्ठ रोग था प्यास से व्याकुल होकर जलकुण्ड तलाशा यहां का जल पीते ही उनका रोग दूर हो गया था। तब एक दिव्य बाला दिखाई दी और राजा से स्वपन में कहा कि मैं शिशुपाल के यज्ञ स्थल पर प्रकट होना चाहती हूं। नौ दिन तक द्वार न खोलना पर राजा ने तीसरे दिन ही दरवाजा खोल दिया जिससे उनके मुख का ही निर्माण हो सका था।



नवरात्रि पर्व पर करीला की जानकी माता के दरबार में भी पहुंच रहे हैं श्रृद्धालु

जिले के प्रसिद्ध करीला धाम की जानकी माता भी नवरात्रि पर्व में श्रृद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बनीं हैं, यहां पूरे वर्ष श्रृद्धालु आते जाते हैं। यहां नवरात्रि के दिनों में भी श्रृद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती हैं, यहां लोग जानकी माता के दरबार में मन्नत मांगने आते हैं। यहां हर वर्ष रंगपंचमी पर भी एक बड़ा मेला आयोजित होता है जिसमें 20 लाख श्रृद्धालु पहुंचते हैं। करीला धाम जिले के प्रसिद्ध स्थलों में से एक है यहां जाने के लिए सड़क मार्ग की सुविधा है वैसे कोई स्थाई साधन नहीं हैं लोग अपने स्तर पर ही ऑटो या अन्य वाहन से करीला धाम पहुंचते हैं। इसके अलावा ईसागढ़ में हरसिद्धी माता का मंदिर भी उल्लेखनीय स्थानों में से एक है, यह स्थान नवरात्रि के दिनों में भी श्रृद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं, जिले में यह एक मात्र हरसिद्धी माता का मंदिर है। इसी प्रकार अशोकनगर कदवाया के बीच देवकानी माता का मंदिर भी प्रसिद्ध मंदिरों में एक है, यह स्थान अत्यंत प्राचीन है और जंगली इलाके में हैं, इस कारण श्रृद्धालु इस स्थान पर दिन में ही दर्शन करने पहुंचते हैं।

शासकीय संपत्ति पर अवैध कब्जे का मामला

नपा और शासन को दरकिनार कर वसूला जा रहा था अवैध किराया



दुकानदारों के शोषण और धमकियों की शिकायत के बाद प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

चंदेरी में शासकीय संपत्ति पर अवैध कब्जे और मनमानी वसूली का मामला गरमा गया है। चंदेरी अस्पताल के सामने स्थित शासकीय सर्वे नंबरों पर बनी दुकानों को लेकर रसूखदारों द्वारा करोड़ों रुपए के राजस्व का चूना लगाने और अवैध वसूली करने का आरोप लगा है। इस पूरे मामले की गुहार जब मुख्यमंत्री और लोक सेवा प्रबंधन विभाग तक पहुंची, तब जाकर मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर प्रशासनिक अमला हरकत में आया।

शिकायत में यह भी उजागर किया गया है कि शासकीय भूमि का मालिकाना हक मध्यप्रदेश शासन के पास होने के बावजूद, फर्जी दस्तावेजों और छल-कपट के आधार पर निजी तौर पर किराया वसूला जा रहा था। इससे प्रदेश शासन और नगर पालिका चंदेरी को हर महीने लाखों और वर्षों में करोड़ों रुपये के राजस्व का सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है।

क्या है पूरा मामला

शिकायतकर्ता रिजवान खान व अन्य पीड़ित दुकानदारों की ओर से मुख्यमंत्री और लोक सेवा प्रबंधन विभाग, भोपाल को सौंपे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि चंदेरी स्थित शासकीय सर्वे नंबर 746,730 और 734 की भूमि पूर्णतः मध्यप्रदेश शासन की संपत्ति है। आरोप है कि बाहुबली व्यक्ति द्वारा खुद को रसूखदार बताते हुए इस सरकारी जमीन पर बनी दुकानों से वर्षों से अवैध रूप से किराए व पगड़ी की भारी रकम वसूली जा रही थी। पीड़ितों का कहना है कि जब दुकानदारों ने किराया नगर पालिका चंदेरी या शासन के खाते में जमा करने की बात कही, तो उन्हें दुकानों से बेदखल करने, झूठे मुकदमों में फंसाने और अभद्र व्यवहार की धमकियां दी गईं।

भोपाल से जारी हुए आदेश, 5 सदस्यीय जांच दल का गठन

मामले की गंभीरता को देखते हुए मध्य प्रदेश शासन के लोक सेवा प्रबंधन विभाग (वल्लभ भवन, भोपाल) और राजस्व विभाग ने संज्ञान लिया। इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुभाग चंदेरी द्वारा त्वरित आदेश जारी करते हुए एक 5 सदस्यीय संयुक्त जांच दल का गठन कर दिया गया है। जांच दल में शामिल अधिकारी तहसीलदार चंदेरी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी चंदेरी, राजस्व निरीक्षक चंदेरी, पटवारी ग्राम चंदेरी, सहायक, राजस्व निरीक्षक, नगर पालिका चंदेरी। प्रशासन ने इस जांच दल को निर्देशित किया है कि वे 7 दिनों के भीतर उभयपक्षों के समक्ष स्थल निरीक्षण व जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

दुकानदारों की मांग...

पीड़ित दुकानदारों (रिजवान खान, पूजा तिवारी, कल्याण सिंह, नंद किशोर दुबे,अजय कुमार सुमन, योगेश पटेरिया, मेहरवान सिंह रघुवंशी, पवन कुमार तिवारी, अमर श्रीवास्तव, बाबूलाल शर्मा आदि) ने मांग की है कि शासकीय भूमि पर बनी दुकानों को आधिकारिक रूप से शासकीय संपत्ति घोषित किया जाए। अवैध वसूली और पगड़ी के नाम पर हड़पी गई राशि का हिसाब कर वसूली करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। दुकानों का न्यूनतम और उचित किराया तय कर उसे नगर पालिका या शासकीय खजाने में जमा कराया जाए, ताकि दुकानदारों को निर्बाध रूप से व्यापार करने का अवसर मिल सके।

कांग्रेस अस्पताल की समस्याओं को लेकर करेगी प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढौरा

स्वास्थ्य केंद्र में प्रसूता महिलाओं को समय पर पर्याप्त उपचार नहीं मिलने तथा मरीजों को दूसरे अस्पतालों का रुख करने के लिए मजबूर होने की शिकायतों को लेकर 16 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन कर तहसीलदार के माध्यम से कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। कस्बे में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर कांग्रेस हल्ला बोलने की तैयारी में है।

ब्लॉक अध्यक्ष ने क्षेत्र के लोगों से स्वास्थ्य सेवाओं की बहाली के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करने का आव्हान किया है। शुक्रवार को कांग्रेस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्थाओं को लेकर आंदोलन करेगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनू रघुवंशी कुंदौरा ने बताया कि मरीजों को उपचार के दौरान हो रही परेशानियों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उन्होंने बताया कि विशेष रूप से क्षेत्र की प्रसूता महिलाओं को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं समय पर उपलब्ध नहीं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं की निष्पक्ष जांच कर लापरवाही प्रमाणित होने पर संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों, युवा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

दो स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार



अशोकनगर। थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लगभग 6-7 वर्षों से फरार चल रहे दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि थाना बहादुरपुर द्वारा न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 219/2019 में फरार स्थाई वारंटी सुखविंदर सिंह पुत्र जैसा सिंह सिख, उम्र 40 वर्ष, निवासी बंगला चैराहा तथा प्रकरण क्रमांक 369/2020 में फरार स्थाई वारंटी मनीषा उर्फ मान कुंवर पत्नी धन सिंह गड़रिया, उम्र 31 वर्ष, निवासी बंगला चैराहा को गिरफ्तार किया। दोनों वारंटी पिछले लगभग 6-7 वर्षों से फरार चल रहे थे। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां न्यायालय के आदेश के पालन में दोनों को जेल दाखिल कराया गया।

त्योहारों और धार्मिक पर्वों को देखते हुए अशोकनगर के पुराने थाना भवन पर पुलिस चौकी प्रारंभ करने के निर्देश

अशोकनगर। जिला मुख्यालय अशोकनगर में पुराना कोतवाली भवन बना हुआ है किंतु यह भवन शहर के बीचों-बीच होने के बाद भी लावारिस स्थिति में पड़ा है। इसके चारों ओर अतिक्रमण हो रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इसी स्थान से सारे धार्मिक और अन्य चल समारोह निकलते हैं। जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल प्रभाव से अस्थाई रूप से पुलिस चौकी प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि अशोकनगर जिला शहर रेल पटरी के दोनों ओर बसा है पुराना शहर एक ओर है जहां कई कॉलोनी और पूरा मार्केट है यहीं पर हृदय स्थल है और यही सबसे अधिक आबादी का निवास है। किंतु यहां पर पुलिस सुरक्षा के कोई प्रयास नहीं हैं अगर कोई घटना या दुर्घटना हो जाती है तो लोगों को रेल पटरी के दूसरी ओर जो थाना भवन बना है वहां तक जाना पड़ता है तब तक घटना घटित हो जाती है या फिर आरोपी भाग जाते हैं। ऐसी स्थिति में शहर के नागरिकों द्वारा लगातार मांग की गई थी कि अशोकनगर के पुराने पुलिस थाना भवन को पुलिस चौकी में तब्दील किया जाए जिससे यहां सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध रहेंगे और शहर के गांधी चौक पर हमेशा रहने वाली भीड़ को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। इसके अलावा इसी चैराहे पर शहर का हाट बाजार भी आज भी लगता है और सारे त्योहारों की सामग्री इसी स्थान पर बिक्रय होती है जिससे लोगों को आने जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पुलिस सुरक्षा न होने के कारण लोग अपनी मनमानी करते रहते हैं सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं के लिए होती है ऐसी स्थिति में यह पुलिस चौकी महिलाओं की सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

नल टैक्स जमा न करने वाले बकायादारों के काटे जाएंगे कनेक्शन : नगर परिषद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

नगर परिषद ने टैक्स बकायादारों के खिलाफ अपना रुख सख्त कर लिया है। निकाय सीमा में जल कर और संपत्ति/समेकित कर की शत-प्रतिशत वसूली के लिए नप सीएमओ विनय कुमार भट्ट के निर्देश पर पूरे नगर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को वसूली दल ने बहादुरपुर रोड,मदीना कॉलोनी आदि क्षेत्र में घर-घर जाकर रसीदों की गहन जांच की। सीएमओ द्वारा गठित विशेष टीमें प्रतिदिन प्रत्येक वार्ड में पहुंचकर मकान मालिकों से टैक्स भुगतान की रसीदें मांग रही हैं। रसीद न दिखाने या बकाया पाए जाने पर कनेक्शन काटने की सीधी कार्रवाई शुरू की जाएगी। परिषद ने साफ चेतावनी दी है कि एक बार नल कनेक्शन कटने के बाद बकाएदारों को दोबारा नल कनेक्शन जारी नहीं किया जाएगा। वहीं, संपत्ति कर जमा न करने की स्थिति



में संपत्ति कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद से जल कर वसूली प्रभारी नवेद काजी के साथ धनसिंह मोंगिया शैलेष अग्रवाल श्रीराम चिढ़ार, अनिल नामदेव, धर्मेन्द्र पंडा आदि द्वारा नगर में प्रतिदिन सख्ती से वसूली कार्यवाही की जाएगी।

खर-दूषण वध के बाद सीता हरण की लीला का हुआ मंचन

पंचवटी में लक्ष्मण ने शूर्पणखा के नाक कान काटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय सुभाषगंज स्थित रामलीला मंच पर श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल द्वारा आयोजित रामलीला के आठवे दिन वन में घूमते हुए सूपनखा पंचवटी जब पहुंची है तब लक्ष्मण द्वारा उसके नाक कान काट जाने के साथ खर दूषण वध और सीता हरण की लीला दिखाई गई। रामलीला में विपिन शिवहरे पार्षद के रूप में आरती के लिए पहुंचे, रामलीला के बाद लीला के प्रथम दृश्य में अत्रि अनसूया के आश्रम में प्रभु राम जी लक्ष्मण जी सीता जी पहुंचे यहां अनसूया द्वारा सीता जी को नारी शिक्षा प्रदान की गई। इसके पश्चात राम लक्ष्मण सीता आगे बड़े और जाकर के पंचवटी में उन्होंने निवास किया। पंचवटी में सूर्पनखा रावण की बहन सुंदर रूप रखकर आई राम जी से और लक्ष्मण जी से विवाह करने का प्रस्ताव रखा। लक्ष्मण ने क्रोधित होकर सुपनखा के नाक कान काट दिए। रोती हुई सुपनखा अपने भाई खरदूषण के पास पहुंची। खरदूषण अपनी सेना लेकर राम जी के पास आए और युद्ध में खर दूषण राम जी के हाथों मारे गए। इसके पश्चात सूर्पनखा लंकेश्वर रावण के पास लंका दरबार में पहुंची और जाकर उन्हें पूरा घटनाक्रम बताया। सूर्पनखा की दशा देखकर लंकेश्वर रावण मुनि का भेष रखकर मारीच को साथ लेकर पंचवटी पहुंचे जहाँ मारीच ने सोने के हिरण का रूप लिया और राम जी, सीता जी के कहने पर उस हिरण को पकड़ने उसके पीछे गए। कुटिया को सूना देख रावण ने साधु का रूप रख कर सीता का हरण किया।

सीता हरण का बहुत ही शानदार दृश्य लीला में दिखाया गया। रावण जब सीता को ले जा रहा था रास्ते में जटायु ने उसे रोकने का प्रयास किया,जटायु रावण का युद्ध हुआ। युद्ध में रावण ने जटायु के पँख काट दिए और रावण लंका की और सीता को ले गया। फिर राम लक्ष्मण सीता को खोजते हुए आगे आए और उन्होंने जटायु को तड़पते देखा जटायु ने रामजी को बताया कि सीता को रावण हर के दक्षिण दिशा की और ले गया और राम-राम कहकर जटायु ने अपने प्राण त्याग दिए। जटायु के मरने के साथ ही लीला को विराम दिया। पूरी लीला के दौरान दर्शकों ने भावपूर्ण संवाद, अभिनय एवं धार्मिक प्रसंगों का आनंद लिया।

रामलीला में राम की भूमिका आर्यन शर्मा, सीता की भूमिका अभिषेक शर्मा लक्ष्मण सुमित श्रीवास्तव रावण प्रदीप चैधरी अत्रि आलोक शर्मा अनसूया निक्की सिंघई खर बृजेश शर्मा दुषण जमुना प्रसाद श्रीसरा हरवीर रघुवंशी सूर्पनखा रुमाल चंदेल कथा वाचन एवं सुंदर चैपाइयों का गायन कथावाचक चंद्रमोहन जी मिश्रा के मुखारविंद से किया गया। साथ ही सुंदर संगीत राकेश पाठक तबले पर लाला पटेल एवं संगीत निर्देशक कैलाश श्रीवास्तव व उपेंद्र पाराशर द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति की गई। रामलीला समिति के उपाध्यक्ष प्रमोद जैन ने सभी अतिथियों का अभिवादन किया। व सचिव रजनीश सिंघई के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया वहीं निर्देशक निक्की सिंघई एवं सह निर्देशक सत्येंद्र रघुवंशी द्वारा मंच व्यवस्था संभाली गई।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई श्री बालाजी महाराज की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

नगर के रामलीला मैदान में आयोजित एक कुण्डात्मक पांच दिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्री बालाजी महाराज प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के चतुर्थ दिवस धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्री बालाजी सरकार की प्राण-प्रतिष्ठा विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर पूरा यज्ञ स्थल भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया।वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और धार्मिक विधि-विधानों के साथ संपन्न हुए। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

महायज्ञ के अंतर्गत आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। धार्मिक परंपराओं के अनुसार संपन्न हुए इस अनुष्ठान में भगवान के प्रति श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का भाव दिखाई दिया। यज्ञ स्थल पर भगवान के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा।



श्रद्धालुओं ने श्री बालाजी महाराज से नगर एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। पांच दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक चेतना को समर्पित है। महायज्ञ के माध्यम से नगर में धर्ममय वातावरण बना हुआ है और प्रतिदिन होने वाले धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालु सहभागिता कर रहे हैं। इस आयोजन में यज्ञकर्ता के रूप में महामंडलेश्वर सीताराम महाराज तथा यज्ञाचार्य के रूप में पंडित विश्वनाथ द्वारा धार्मिक अनुष्ठानों का संपादन कराया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में वैदिक परंपराओं के अनुरूप महायज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं।

व्यवस्थाएं व सुरक्षा परखी

दशहरा पर्व की तैयारियों को लेकर मैदान का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

आगामी दशहरा पर्व को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासनिक अधिकारियों एवं नगर पालिका की टीम के साथ दशहरा मैदान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दशहरा पर्व के आयोजन की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक पहलुओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, एसडीओपी प्रकाश शर्मा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान दशहरा मैदान में आयोजन को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने पर्व के दौरान नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक इंतजामों का जायजा लिया तथा संबंधित विभागों के बीच समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। प्रशासन एवं नगर पालिका द्वारा दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि नगरवासी उत्साह एवं उल्लास के साथ विजयादशमी का पर्व मना सकें।

छोटे-छोटे बच्चों के गायन ने प्रभावित किया व भाव भंगिमा ने मोहा मन

अंजनीलाल धाम पर गायन प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों ने दी लय-ताल की प्रस्तुति







मंदिर ट्रस्ट ने नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया, पांच, छः वर्षीय बालक-बालिकाओं ने सुमधुर भजन सुनाया।

हरिभूमि न्यूज. ब्यावरा

नगर के प्रसिद्ध श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर बुधवार रात्रि में छोटे-छोटे बच्चों के बीच में गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रारंभ में गीत संगीत के जानकार पं. सुदर्शन शर्मा, गायक कलाकार सपना शिवहरे और राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने अतिथि एवं जज के रूप में मंचासीन होकर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्जवलित किया। इसके बाद श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर आयोजित बच्चो की गीत-गायन प्रतियोगिता में नन्हे बच्चो की प्रतिभा देख सभी हतप्रभ रह गए। मंच से जब महज पांच, छः वर्षीय बालक-बालिकाओं ने सुमधुर भजन सुनाया तो बड़े भी अचंभित हुए बिना नहीं रहे।

प्रतियोगिता में शासकीय अशासकीय विद्यालयों के बच्चों ने लिया भाग

प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के करीब 50 से अधिक बच्चों ने बुधवार रात तक अपनी प्रस्तुति दी। कई बच्चों ने गायन के साथ खुद वाद्य यंत्र बजाकर दोहरी प्रतिभा का परिचय दिया। नन्हें बच्चों का स्टेज पर आकर पूरे आत्मविश्वास के साथ मधुर आवाज और लय-ताल का सामंजस्य स्थापित करते हुए अपनी प्रस्तुति देना अद्भुत था।

बच्चों के अंदर छिपी रहती है गीत-गायन, संगीत की प्रतिभा

सभी अतिथियों ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि आज के दौर में बच्चों का गीत-गायन और संगीत में जो प्रतिभा देखने को मिल रही है वह अद्भुत है। उन्होंने सभी बच्चों और उनके पालकों से आग्रह किया कि अगर बच्चों में संगीत, गायन की रूचि है तो उन्हें आगे बढने का अवसर जरूर दे. सभी ने बच्चों को गायन के टिप्स भी दिये. अतिथियों ने पालकों से कहा कि अगर समय पर बच्चों को माहौल देंगे तो बच्चें आगे बढ़ सकते है. अतिथियों ने मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा बच्चों को मंच देने के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में संगीत शिक्षक विवेक सिंह खींची, आदित्य उपाध्याय सहित सभी अतिथियों का एवं नन्हें छात्र आर्यन शर्मा को मंदिर ट्रस्ट परिवार ने स्वागत किया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जनमानस और प्रतिभागियों के पालक आदि मौजूद थे. मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा चयनित प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार विजयादशमी पर्व पर सायंकाल सात बजे प्रदान किया जाएगा।

हुनर की मिसाल

हथकरघा से कपड़े पर उकेरी मां बिजासन की अदभुत तस्वीर

बुनकर मोहम्मद रईस अंसारी ने कपड़े पर मां बिजासन माता (भैंसवा माता) की आकर्षक तस्वीर बुनकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

हथकरघा पर कपड़ा बुनना एक कला है, लेकिन इसी कला के जरिए कपड़े पर देवी-देवताओं और ऐतिहासिक धरोहरों की तस्वीर उकेर देना किसी अद्भुत हुनर से कम नहीं है। सारंगपुर के वरिष्ठ बुनकर मोहम्मद रईस अंसारी ने अपनी इसी अनूठी कला का प्रदर्शन करते हुए कपड़े पर मां बिजासन माता (भैंसवा माता) की आकर्षक तस्वीर बुनकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। उनकी इस कलाकृति की हथकरघा विभाग के अधिकारियों और कला प्रेमियों द्वारा सराहना की जा रही है।लगभग 55 वर्षीय मास्टर बुनकर मोहम्मद रईस अंसारी पिछले 40 वर्षों से बुनाई के कार्य में जुटे हैं। लंबे अनुभव, मेहनत और अपनी उंगलियों के हुनर से उन्होंने साधारण हथकरघा पर कपड़े में कलाकृतियां उकेरने की विशेष महारत हासिल की है।

प्रशिक्षण के दौरान तैयार की मां बिजासन की तस्वीर

जिला हथकरघा कार्यालय के सहायक संचालक बालकृष्ण कोडडिया के मार्गदर्शन में स्वीकृत बुनियादी बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान फाइन क्वालिटी हैंडलूम, सारंगपुर में रईस अंसारी ने मां बिजासन माता की तस्वीर तैयार की। ताना-बाना, धागों की बारीक गुथन और डिजाइन के तालमेल से उकेरी गई इस तस्वीर में उनकी कलात्मक दक्षता स्पष्ट दिखाई देती है। साधारण हथकरघा के माध्यम से इतनी बारीकी से तस्वीर तैयार करना उनकी वर्षों की साधना और अनुभव को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान, कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज होगा सैनिक सम्मलेन

ब्यावरा। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के लिए सैनिक सम्मेलन का 16 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया जाएगा। सैनिक सम्मलेन के दौरान पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों की समस्याओं का उचित समाधान एवं साथ ही मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा एवं नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही भी की जाएगी। सैनिक सम्मेलन की अध्यक्षता एवं विचार विमर्श ब्रिगेडियर अरुण नायर (से.नि.), सेना मैडल, संचालक, संचालनालय सैनिक कल्याण विभाग, भोपाल मध्यप्रदेश करेंगे।

दुर्गा पंडालों का निरीक्षण कर भीड़ की जानकारी ली

एसपी ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आयोजन समिति सदस्यों से शांति, सुरक्षा पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान नगर में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने बुधवार रात्रि को सारंगपुर के विभिन्न दुर्गा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नवागत एसडीओपी, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी सहित पुलिस टीम मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान एसपी तोलानी ने दुर्गा पंडालों में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आयोजन समितियों के सदस्यों से चर्चा की।

उन्होंने पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही, पंडालों में जुटने वाली भीड़ तथा सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही समिति सदस्यों से आयोजन के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतने और पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखने पर चर्चा की। नवरात्रि के दौरान नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में माता रानी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना पुलिस प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।एसपी के निरीक्षण के दौरान पुलिस टीम भी साथ रही। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना है, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के माता रानी के दर्शन कर सकें और धार्मिक आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हों।

आस्था के रंग में रंगा नगर, माता शीतला को ओढ़ाई चुनरी, दो जगह निकाली गई यात्रा, जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नवरात्रि के पावन पर्व पर महिला मंडल एवं शीतला माता मंदिर समिति के तत्वावधान में लगातार दूसरे वर्ष भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। चुनर यात्रा का श्रीगणेश विधायक हजारीलाल दांगी एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने कुशवाह मोहल्ला स्थित माँ हिंगलाज मंदिर में पूजा-अर्चना कर किया। पूजा अर्चना कर चुनरी यात्रा माँ हिंगलाज मंदिर से प्रारंभ हुई जो प्रमुख मार्ग चोपड़ा बाजार, भावसार मोहल्ला, विवेकानंद चैराहा, इंदर चैराहा, बुधवारिया बाजार , हनुमान छतरी होते हुए माता शीतला मंदिर पहुंची। चुनर यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ चुनर यात्रा में शामिल हुए और माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।नगर मे स्थित माता शीतला मंदिर पर विधि-विधान से माता रानी को चुनरी अर्पित की गई। इसके बाद महाआरती हुई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।





धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर माता रानी से सुख-समृद्धि एवं नगर की खुशहाली की कामना की।

महाकाल राजा गुरप ने भी निकाली नौवीं चुनरी यात्रा

नगर के महाकाल राजा ग्रुप के तत्वावधान में भी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नौवीं विशाल चुनरी यात्रा श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ उल्लास से निकाली गई। चुनर यात्रा का शुभारंभ चामुंडा माता मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद चुनरी यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए माता बिजासन मंदिर पहुंची, जहां माता रानी को चुनर अर्पित कर श्रद्धालु भक्तों ने सबके कल्याण सुख शांति समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई।यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग विवेकानंद चैराहा, इंदर चैराहा, बुधवारिया बाजार, हनुमान मंदिर , चोपड़ा बाजार एवं रामलीला चैक से होकर बिजासन माता मंदिर पहुंची। यात्रा में श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा समापन कुंभकार मोहल्ले में स्थित मां बिजासन मंदिर में माता रानी की महाआरती की गई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

महाविद्यालय में कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बनाए आकर्षक कार्ड



जीरापुर। शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार दांगी के मार्गदर्शन संचालित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता, कलात्मक अभिव्यक्ति तथा जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना रहा।प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न सामाजिक एवं समसामयिक विषयों पर आकर्षक और संदेशपरक कार्ड तैयार किए। विद्यार्थियों ने नशामुक्ति, ऊर्जा एवं जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण, मानसिक स्वास्थ्य, दीपावली, भारतीय सेना का शौर्य, विकसित भारत, समृद्ध मध्यप्रदेश, युवा शक्ति, लोककला एवं संस्कृति, डिजिटल साक्षरता तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय वाक्यों जैसे विषयों को अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया।

दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवक घायल, एक शाजापुर रेफर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर और आसपास के क्षेत्र में बुधवार रात हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवक घायल हो गए। दोनों घटनाओं में घायलों को डायल 112 की मदद से सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। यहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। एक युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे शाजापुर रेफर कर दिया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

पहली घटनाः अज्ञात बाइक सवार टक्कर मारकर फरार

जानकारी के अनुसार, बुधवार रात नेशनल हाईवे पर धनोरा जोड़ के पास उत्तर प्रदेश के कानपुर से शाजापुर जा रहे दो युवकों की बाइक



को एक अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में सचिन पिता राजेश (18) निवासी कानपुर और शिवा निवासी कानपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को डायल 112 की मदद से सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया, जहां डॉक्टर अंकित महुवा ने उनका उपचार किया। बताया गया कि दोनों युवक शाजापुर में बाइक पर कपड़े रखकर बेचने का काम करते हैं।

दूसरी घटनाः ट्रैक्टर की टक्कर से युवक घायल

दूसरी घटना में सारंगपुर से सलसलाई जा रहे महेश मेवाड़ा (25) निवासी सलसलाई, जिला शाजापुर को उप जेल सारंगपुर के सामने एक ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। दुर्घटना में महेश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें डायल 112 की मदद से सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। यहां डॉक्टर अंकित महुवा ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शाजापुर रेफर कर दिया। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

जिला विपणन अधिकारी मौर्य के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित

ब्यावरा। संभाग आयुक्त भोपाल कर्मवीर शर्मा द्वारा तत्कालीन जिला विपणन अधिकारी राजगढ़ बब्बन मौर्य के विरुद्ध खाद वितरण में लापरवाही, केंद्रों की मॉनीटरिंग नहीं करने, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना और शासकीय बैठकों से बिना सूचना अनुपस्थित रहने के मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग मध्य प्रदेश शासन को भिजवाया गया है। खाद वितरण में अनियमितताओं और किसानों को यूरिया नहीं मिलने से सड़क जाम की स्थिति बनने को लेकर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने उनके विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव संभाग आयुक्त को भिजवाया गया था। संबंधित मामलों में जारी आरोप-पत्रों एवं आरोप-ज्ञापनों का निर्धारित समय-सीमा में जवाब नहीं देने पर प्रकरण आवश्यक कार्रवाई के लिए शासन को भेजा गया। वर्तमान में मौर्य का स्थानांतरण जिला झाबुआ किया गया है।

महिला कृषक दिवस पर महिला कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए वितरित किए गए आम के पौधे



हरिभूमि न्यूज. ब्यावरा। कृषि विज्ञान केंद्र राजगढ़ में गुरुवार को महिला कृषक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 25 महिला एवं पुरुष कृषकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर महिला कृषकों के कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी गजाला खान ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से देश की 11 महिला कृषकों की सफलता की कहानियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। साथ ही महिला कृषकों से चर्चा कर उनकी कृषि गतिविधियों, कार्यों के दौरान आने वाली परेशानियों एवं अनुभवों की जानकारी ली गई। महिला कृषकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पांच महिला कृषकों एवं स्व-सहायता समूह के सदस्यों को कृषि विज्ञान केंद्र में उपलब्ध आम के पौधे वितरित किए गए। इसके साथ ही सब्जी एवं मसाला उत्पादन के माध्यम से आय अर्जित करने के उद्देश्य से पौधे भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में छह स्व-सहायता समूहों की कृषि सखियों ने भागीदारी की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कृषि विज्ञान केंद्र के समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

रॉयल सिटी में टीन शेड का भूमिपूजन, जयप्रकाश नगर में सीसी रोड का लोकार्पण

4.23 लाख रुपए से बनेगा पार्क में टीन शेड, 14 लाख रुपए की लागत से तैयार सड़क नागरिकों को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के तहत रॉयल सिटी स्थित बड़े पार्क में 4 लाख 23 हजार रुपए की लागत से बनने वाले टीन शेड का भूमिपूजन किया गया। वहीं, जयप्रकाश नगर में 14 लाख रुपए की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को सुविधा की सौगात दी गई।

कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने भूमिपूजन एवं लोकार्पण किए। शहर की रॉयल सिटी के बड़े पार्क में बनने वाले टीन शेड से यहां आने वाले नागरिकों को सुविधा मिलेगी। साथ ही सामाजिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी यह



उपयोगी रहेगा। इससे पार्क में आने वाले लोगों को धूप और बारिश से बचाव के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। वहीं जयप्रकाश नगर में निर्मित सीसी रोड के शुरू होने से स्थानीय रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। सड़क निर्माण से क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी और नागरिकों को सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा।

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क निर्माण, सार्वजनिक स्थलों के विकास और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य कराए जा रहे हैं। इन विकास कार्यों का उद्देश्य नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप सुविधाओं का विस्तार करना और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करना है। इस दौरान दुर्गानगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, बेसनगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।